तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

शाला ध्वनि

KVS News

July-September 2026



National Teachers' Award

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

5 सितंबर 2026

के.वि.सं. की दो शिक्षिकाएं राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 से अलंकृत

शिक्षक दिवस के अवसर पर भारत की माननीय राष्ट्रपति ने किया सम्मानित





केन्द्रीय विद्यालय संगठन की दो समर्पित एवं प्रतिभाशाली शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस 2026 के अवसर पर भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2, मदुरै की मुख्य अध्यापिका सुश्री अमुथा जे. और पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एनएफआर रंगिया, असम की मुख्य अध्यापिका डॉ. मनीषा खेत्रपाल यह पुरस्कार 5 सितंबर 2026 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित अलंकरण समारोह में प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उनके दीर्घ एवं समर्पित सेवाकाल, प्रभावी शैक्षिक नेतृत्व तथा विद्यार्थियों के सीखने के अनुभवों को समृद्ध बनाने की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों का सम्मान है।

दोनों मुख्य अध्यापिकाओं ने नवाचारपूर्ण कार्यप्रणालियों, समावेशी शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह उपलब्धि न केवल दोनों शिक्षिकाओं की व्यक्तिगत उत्कृष्टता का सम्मान है, बल्कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन की गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। उन्हें मिला यह राष्ट्रीय सम्मान संगठन के अन्य शिक्षकों को भी उत्कृष्टता, नवाचार और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।

जापान में सीखेंगे, भारत में सिखाएँगे

के.वि.सं. के दो शिक्षक MEXT कार्यक्रम के लिए चयनित



केन्द्रीय विद्यालय संगठन के दो प्रतिभाशाली एवं समर्पित शिक्षकों का चयन जापान के प्रतिष्ठित MEXT छात्रवृत्ति कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण विद्यार्थी पाठ्यक्रम 2026 के लिए किया गया है। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय गणेशखिंड की प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका सुश्री प्रगति सिंह और पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2, बेलगावी कैंट के स्नातकोत्तर शिक्षक श्री जोशिन जे.ए. जापान में आयोजित होने वाले 18 माह के विशेष शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे।



सुश्री प्रगति सिंह

इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन ओसाका क्योइकु विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा, जहाँ दोनों शिक्षक आधुनिक जापानी शिक्षा-पद्धति, शिक्षक प्रशिक्षण और प्रभावी शैक्षिक कार्यप्रणालियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करेंगे।

कार्यक्रम के अंतर्गत ओसाका जापानी भाषा शिक्षा केंद्र, JASSO में जापानी भाषा का प्रारंभिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें जापान की भाषा और संस्कृति को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिलेगा। यह प्रशिक्षण दोनों शिक्षकों के लिए अपने ज्ञान और शिक्षण कौशल को वैश्विक दृष्टिकोण से समृद्ध करने का महत्वपूर्ण अवसर है। जापान की शिक्षा-व्यवस्था और नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों से प्राप्त अनुभव उन्हें भारत लौटकर अपनी कक्षाओं में नए विचारों और प्रभावी शैक्षिक नवाचारों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।



श्री जोशिन जे.ए.

यह पहल न केवल दोनों शिक्षकों के व्यावसायिक विकास को नई दिशा देगी, बल्कि उन्हें विभिन्न संस्कृतियों को समझने, वैश्विक शैक्षिक दृष्टिकोण विकसित करने और भारत-जापान के बीच शैक्षिक अनुभवों के आदान-प्रदान का अवसर भी प्रदान करेगी। उनका यह अंतरराष्ट्रीय अनुभव केन्द्रीय विद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता और नवाचार को और अधिक सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

Four KVS Teachers Honoured Among India's Best Teachers 2026

Four teachers from Kendriya Vidyalaya Sangathan have been named winners of the Shiv Nadar Foundation–Oxford Saïd India's Best Teachers' Awards 2026.

The inaugural Awards received 9,400+ registrations from 32 States and Union Territories. At the National Finale held at Shiv Nadar University, Delhi-NCR, 79 shortlisted teachers showcased innovative teaching practices and evidence of student impact before expert juries.

Recognising teachers of Classes IX–XII across eight subject categories, the Awards are organised by the Saïd Business School, University of Oxford, and Shiv Nadar Foundation.

Significantly, four of the eight public-school teachers honoured nationally were from KVS, highlighting the excellence, innovation and dedication of KVS educators.

Winners:



Business Studies

Ms. Aarti Bhoker
PGT Commerce
PM SHRI KV No. 1
Gaya ji, Bihar



Computer Science

Ms. Ishita Pandey
PGT CS
KV SECL Jhagrakhand
Chhattisgarh



Economics

Ms. Rekha Rajan Krishnakumari
PGT Economics
PM SHRI KV Pattom
Thiruvananthapuram, Kerala



Geography

Mr. Vinayak Kohli
TGT (S.ST)
PM SHRI KV Kondagaon
Chhattisgarh



Shri Pralhad Joshi *Takes Charge as Union Minister of Education*

Shri Pralhad Joshi assumed charge as the Union Minister of Education at Kartavya Bhavan, New Delhi on 26th July 2026. He chaired a review meeting of the Ministry in which he took stock of the implementation of various Schemes and other initiatives.

Shri T.K. Anil Kumar *Joins as New Secretary, DoSEL*



Shri T.K. Anil Kumar has assumed charge as Secretary, Department of School Education & Literacy, Ministry of Education, on 24 July 2026. A 1995-batch IAS officer of the Karnataka cadre and former Additional Secretary, Ministry of Rural Development, he brings with him extensive administrative experience.

के.वि. विद्यार्थियों ने भारत की राष्ट्रपति के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर राष्ट्रपति ने दिया प्रकृति से प्रेम और संरक्षण का संदेश

नई दिल्ली, 28 अगस्त 2026: रक्षाबंधन के पावन पर्व पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय और पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, सेक्टर-25, रोहिणी के विद्यार्थियों को भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मिलने का विशेष एवं गौरवपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने माननीय राष्ट्रपति के साथ आत्मीय संवाद किया और उन्हें स्नेह एवं सम्मान के प्रतीक स्वरूप राखी बाँधी। देश की प्रथम नागरिक के साथ इस स्नेहपूर्ण पल को साझा करना विद्यार्थियों के लिए गर्व और हर्ष का विषय रहा। इस अवसर पर माननीय राष्ट्रपति ने कहा कि रक्षाबंधन का महत्त्व भाई-बहन के रिश्ते से कहीं बढ़कर है। पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने बच्चों से पेड़-पौधों की देखभाल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के मूल्यों-प्रेम और देखभाल को पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अपनाना चाहिए। पर्यावरण के बिगड़ते संतुलन पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने बच्चों से जीवन के लिए आवश्यक प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से वृक्षों और पौधों को राखी बाँधने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण और लगाए गए पौधों की देखभाल का संकल्प जीवनभर का कर्तव्य बनना चाहिए। राष्ट्रपति भवन में कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन और अमृत उद्यान का भ्रमण किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में आयोजित 'द लाइट एंड द लोटसः रेलिक्स ऑफ अवेकन्ड वन' प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।



समागम
डिजिटल शिक्षा का नया आयाम





जयपुर: केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने अपनी प्रमुख डिजिटल परिवर्तन पहल 'समागम (SAMAGAM)' को 1-2 जुलाई 2026 को जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में देशभर के नीति-निर्माताओं, प्रशासकों एवं डिजिटल शासन विशेषज्ञों के समक्ष प्रस्तुत किया। **"विकसित भारत@2047: कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) समर्थित, डेटा-संचालित एवं सुरक्षित डिजिटल शासन"** विषय पर आयोजित इस सम्मेलन की अध्यक्षता के.वि.सं. के आयुक्त श्री विकास गुप्ता, आईएएस ने की। इस प्रतिष्ठित मंच पर के.वि.सं. ने 'समागम (SAMAGAM)' के माध्यम से शिक्षा प्रशासन में डिजिटल नवाचार, पारदर्शिता, दक्षता तथा डेटा-आधारित निर्णय-प्रक्रिया को सशक्त बनाने की अपनी पहल का प्रभावी प्रदर्शन किया।

सम्मेलन के दूसरे दिन का विषय "स्कूली शिक्षा की पहुँच और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए डिजिटल हस्तक्षेप" रहा। इस सत्र में विशेषज्ञों ने इस बात पर व्यापक विचार-विमर्श किया कि डिजिटल प्रौद्योगिकियाँ किस प्रकार स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता, समावेशिता तथा प्रशासनिक दक्षता को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इस अवसर पर 'समागम (SAMAGAM)' को एक स्वदेशी डिजिटल मंच के रूप में प्रस्तुत किया गया, जो शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं विद्यार्थी-केंद्रित सेवाओं को एकीकृत कर एक ही प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध कराता है। यह मंच विद्यालय प्रशासन को अधिक पारदर्शी, दक्ष एवं डेटा-आधारित बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों तथा प्रशासकों के लिए सेवाओं को सरल और सुगम बनाता है।



हर घर तिरंगा

केन्द्रीय विद्यालयों में गूंजा राष्ट्रप्रेम का जयघोष

80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में केन्द्रीय विद्यालयों में **'हर घर तिरंगा'** अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी केन्द्रीय विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया और विद्यालय परिसरों को आकर्षक रूप से सजाया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में तिरंगा यात्राएँ एवं पदयात्राएँ निकालीं।



विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। **'हर घर तिरंगा'** अभियान के तहत विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। उन्होंने अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को अभिव्यक्त किया।

इस सामूहिक भागीदारी ने स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को जन-जन से जोड़ते हुए राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति के संदेश को और अधिक सशक्त बनाया।



स्वतंत्रता दिवस

के उपलक्ष्य पर के.वि.सं. (मु.) में गूंजा देशभक्ति का नाद

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय) में गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान के.वि.सं. आयुक्त श्री विकास गुप्ता ने ध्वाजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने समस्त केन्द्रीय विद्यालय परिवार को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। अपने संबोधन में श्री गुप्ता ने सभी को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा समाज और राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि देश की उन्नति में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है और हमें अपने कार्यों के माध्यम से राष्ट्रीय विकास में निरंतर योगदान देते रहना चाहिए।







देशभर के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालयों में 17 सितंबर से 18 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' का आयोजन किया गया। '25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत' थीम पर आधारित इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने विचारों, कल्पनाओं और भविष्य के भारत के प्रति अपने दृष्टिकोण को व्यक्त करने का अवसर मिला।

अभियान के अंतर्गत पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालयों में चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने बताया कि वे भारत को किस रूप में देखते हैं और देश को विकसित, सशक्त एवं समृद्ध बनाने में वे स्वयं किस प्रकार योगदान दे सकते हैं। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता के माध्यम से नये भारत की तस्वीर प्रस्तुत की। वहीं, वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने देश के भविष्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार, तर्क और दृष्टिकोण साझा किए। इन प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों को अपनी सोच व्यक्त करने के साथ-साथ देश के भविष्य और अपनी जिम्मेदारियों पर विचार करने का अवसर भी प्रदान किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले श्रेष्ठ विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

हिन्दी के रंग,

राजभाषा कीर्ति पुरस्कार-2026

हिंदी के व्यापक प्रयोग हेतु के.वि.सं. मुख्यालय को मिला सम्मान

मुंबई, 14 सितंबर 2026: राजभाषा हिन्दी के उत्कृष्ट एवं व्यापक प्रयोग के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन को राजभाषा कीर्ति पुरस्कार-2026 (द्वितीय) से सम्मानित किया गया। हिन्दी दिवस के अवसर पर मुंबई के सिडको एक्जीबिशन सेंटर में आयोजित समारोह में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय एवं श्री बांदी संजय कुमार ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन को यह पुरस्कार प्रदान किया। केन्द्रीय विद्यालय संगठन की ओर से संयुक्त आयुक्त प्रशासन श्रीमती नीलम ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।



संगठन को प्राप्त यह पुरस्कार राजभाषा हिन्दी के प्रभावी कार्यान्वयन के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह सम्मान संगठन में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा राजभाषा संबंधी प्रावधानों के प्रभावी अनुपालन के प्रयासों का प्रमाण है। साथ ही, कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के सहज एवं व्यापक प्रयोग की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को भी मान्यता देता है। यह पुरस्कार आगे भी संगठन को राजभाषा के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

हिंदी माह: भाषा, संस्कृति और विरासत का उत्सव

भारत की भाषाई विविधता उसकी सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है और हिन्दी इस विविधता को जोड़ने वाली सशक्त कड़ी है। हिन्दी के महत्त्व, समृद्ध साहित्य और अभिव्यक्ति-परंपरा से विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को जोड़ने के उद्देश्य से केन्द्रीय विद्यालय संगठन में 1 से 30 सितंबर 2026 तक हिन्दी माह का आयोजन किया गया।



हिन्दी से जुड़ते कर्मचारी

नई दिल्ली स्थित के.वि.सं. मुख्यालय में 1 सितंबर को के.वि.सं. आयुक्त श्री विकास गुप्ता, आईएएस ने दीप प्रज्वलित कर हिन्दी माह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने हिन्दी को भारतीय संस्कृति, भावनात्मक एकता और राष्ट्रीय जुड़ाव की सशक्त भाषा बताते हुए सभी को हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया।

के.वि. के संग

माह के दौरान मुख्यालय में कर्मचारियों के लिए सुलेख, कंप्यूटर पर हिन्दी टंकण, निबंध लेखन और कविता पाठ जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। 14 सितंबर को हिन्दी दिवस के अवसर पर माननीय शिक्षा मंत्री के संदेश एवं आयुक्त महोदय की अपील का वाचन किया गया। साथ ही, हिन्दी कार्यशाला एवं हिन्दी पुस्तकों पर चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के सरल एवं प्रभावी प्रयोग तथा हिन्दी साहित्य के पठन को प्रोत्साहित किया गया। हिन्दी माह के समापन समारोह के दौरान के.वि.सं. (मु.) के भीष्म सभागार में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप नकद राशि प्रदान की गई।

केन्द्रीय विद्यालयों में हिन्दी का उत्सव



देशभर के केन्द्रीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन, वाद-विवाद, कविता पाठ, भाषण और सुलेख सहित अनेक रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। ऑनलाइन मंचों के माध्यम से भी विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों की भाषाई दक्षता, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उन्हें हिन्दी भाषा एवं साहित्य से जोड़ा। हिन्दी माह ने यह संदेश सशक्त किया कि हिन्दी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, भावनात्मक एकता और राष्ट्रीय जुड़ाव की महत्वपूर्ण आधारशिला भी है।

के.वि.सं. का विस्तार: 78 नए विद्यालयों के साथ नेटवर्क पहुँचा 1,366 पर

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

नई दिल्ली: केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने वर्ष 2026-27 के दौरान देश के विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 78 नए केन्द्रीय विद्यालय खोलकर अपने राष्ट्रव्यापी नेटवर्क का विस्तार किया है। इसके साथ ही के.वि.सं. के विद्यालयों की कुल संख्या बढ़कर 1,366 हो गई है। यह विस्तार भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 में 85 नए केन्द्रीय विद्यालयों और वर्ष 2025 में 57 केन्द्रीय विद्यालयों को दी गई पूर्व स्वीकृतियों के बाद हुआ है। यह देशभर में के.वि.सं. के नेटवर्क के निरंतर विस्तार और गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा तक पहुँच बढ़ाने के प्रयासों को दर्शाता है।



शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नवस्थापित केन्द्रीय विद्यालयों की सूची:

क्र.सं.	नए खुले केन्द्रीय विद्यालयों के नाम
1.	पलासा, आंध्र प्रदेश
2.	नुज़विद, आंध्र प्रदेश
3.	नंदीगामा, आंध्र प्रदेश
4.	वलसापल्ले, मदनपल्ले, आंध्र प्रदेश
5.	माचरेला, आंध्र प्रदेश
6.	मंगसमुद्रम, चित्तूर, आंध्र प्रदेश
7.	बैरुगनीपल्ले, चित्तूर, आंध्र प्रदेश
8.	अनाकपल्ले, आंध्र प्रदेश
9.	बोकाजन, असम
10.	जागीरोड, असम
11.	क्र. 3, दरभंगा (एम्स), बिहार
12.	नवादा, बिहार
13.	आरा टाउन, बिहार
14.	जमुआरा कटनी कॉल, बिहार
15.	मुज़फ्फरपुर (बेला औद्योगिक क्षेत्र), बिहार
16.	देवकुंड, बिहार
17.	मधेपुरा, बिहार
18.	झंझारपुर, बिहार
19.	मधुबनी, बिहार
20.	निमी शेखोपुर सराय, जिला शेखपुरा, बिहार

क्र.सं.	नए खुले केन्द्रीय विद्यालयों के नाम
21.	बोधगया, बिहार
22.	मुंगेली, छत्तीसगढ़
23.	जीसी, सीआरपीएफ आरंग, छत्तीसगढ़
24.	सूरजपुर, छत्तीसगढ़
25.	100वीं बटालियन, आरएएफ/ सीआरपीएफ, वस्त्राल, गुजरात
26.	नूंह, हरियाणा
27.	कोटखाई, हिमाचल प्रदेश
28.	रत्नीपोरा, जम्मू और कश्मीर
29.	गुल, जम्मू और कश्मीर
30.	नागसेनी, जम्मू और कश्मीर
31.	रियासी, जम्मू और कश्मीर
32.	विजयपुर, जम्मू और कश्मीर
33.	रामबन, जम्मू और कश्मीर
34.	पंचारी, जम्मू और कश्मीर
35.	अनंतनाग, जम्मू और कश्मीर
36.	धनवार, झारखंड
37.	सीसीएल डकरा, झारखंड
38.	बरकठा, झारखंड
39.	आईआईटी धारवाड़, चिक्कामल्लिगावाड, कर्नाटक

क्र.सं.	नए खुले केन्द्रीय विद्यालयों के नाम
40.	मुदनाल गाँव, कर्नाटक
41.	शिनाल, अथानी तालुका, कर्नाटक
42.	चित्रदुर्ग, कर्नाटक
43.	208 कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ जान्हवा, बालाघाट, मध्य प्रदेश
44.	बड़ा मलहेरा, मध्य प्रदेश
45.	समनापुर, नैनपुर, मध्य प्रदेश
46.	नौगांव, मध्य प्रदेश
47.	मैहर, मध्य प्रदेश
48.	निवाड़ी, मध्य प्रदेश
49.	नागदा, मध्य प्रदेश
50.	गढ़चिरौली, महाराष्ट्र
51.	अकोला, महाराष्ट्र
52.	नाचणे, महाराष्ट्र
53.	पदमपुर, ओडिशा
54.	पल्लहाड़ा (पाललहाड़ा), ओडिशा
55.	रायराखोल (रेढ़ाखोल), ओडिशा
56.	सिरोही, राजस्थान
57.	मेड़ता सिटी, राजस्थान
58.	राजगढ़, राजस्थान
59.	हिंडौन सिटी, राजस्थान

क्र.सं.	नए खुले केन्द्रीय विद्यालयों के नाम
60.	राजसमंद, राजस्थान
61.	भीम, राजस्थान
62.	बीएसएफ सतराना, राजस्थान
63.	मुलुगु, तेलंगाना
64.	नागावरम शिवर, तेलंगाना
65	चेलगल, तेलंगाना
66.	पिल्लैयारपट्टी, तमिलनाडु
67.	थेनी, तमिलनाडु
68.	कृष्णागिरि, तमिलनाडु
69.	वी. ओ. चिदंबरनार पोर्ट प्राधिकरण, तमिलनाडु
70.	उदयपुर, त्रिपुरा
71.	बडेरा, उरई, उत्तर प्रदेश
72.	शामली, उत्तर प्रदेश
73.	क्र.3 एचयूआरएल परिसर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश
74.	जीसी, सीआरपीएफ, चकिया, चंदौली, उत्तर प्रदेश
75.	मऊरानीपुर, उत्तर प्रदेश
76.	मदन नेगी, उत्तराखंड
77.	द्वाराहाट, उत्तराखंड
78.	संत कबीर नगर, उत्तर प्रदेश

इन 78 नए खुले केन्द्रीय विद्यालयों के अतिरिक्त पांच नए केन्द्रीय विद्यालय— (1) के.वि. द्रुगमुल्ला, जिला कुपवाड़ा, जम्मू-कश्मीर; (2) के.वि. गुलपुर जिला पूंछ, जम्मू-कश्मीर, (3) के.वि. कटरा, जिला रियासी, जम्मू एवं कश्मीर, (4) के.वि. पूर्णिया, जिला पूर्णिया, बिहार तथा (5) के.वि. बरवाडीह (रेलवे) जिला लातेहार, झारखंड भी खोले जा चुके हैं। हालांकि, इन विद्यालयों का संचालन 1 अप्रैल 2027 से प्रारंभ होगा।

स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग

10 केन्द्रीय विद्यालयों को मिली फाइव-स्टार रेटिंग



नई दिल्ली: केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा घोषित स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (SHVR) 2025-26 में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के 10 विद्यालयों ने देशभर से चयनित 191 फाइव-स्टार रेटेड विद्यालयों में स्थान प्राप्त कर संगठन का गौरव बढ़ाया।

स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग के अंतर्गत चयनित केन्द्रीय विद्यालयों को विद्यालय परिसर में स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्यकर वातावरण, पर्यावरण संरक्षण, हरित पहलों और सतत विकास की दिशा में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतिष्ठित फाइव-स्टार रेटिंग प्रदान की गई है।

यह उपलब्धि केन्द्रीय विद्यालयों में स्वच्छता संस्कृति, पर्यावरणीय जागरूकता और जिम्मेदार नागरिकता के मूल्यों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। संगठन का लक्ष्य प्रत्येक केन्द्रीय विद्यालय को स्वच्छ भारत अभियान और मिशन LiFE के आदर्शों के अनुरूप स्वच्छ, हरित और उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित करना है।

फाइव-स्टार रेटिंग प्राप्त करने वाले चयनित केन्द्रीय विद्यालय

- पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खटीमा
- पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पानीसागर
- पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के.वि. टूटिंग
- पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एएफएस उत्तरलाई
- पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय दिंजन
- पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय कांकेर
- पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय आईटीबीपी करेरा
- पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय आईटीबीपी जोशीमठ
- केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 ओएनजीसी अगरतला
- पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय ओट्टापलम

राज्य पुरस्कार कैंप-2026

7,605 विद्यार्थियों ने की उत्कृष्ट भागीदारी



नई दिल्ली: केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने 6 से 10 जुलाई 2026 तक देशभर के सभी 21 क्षेत्रीय कार्यालयों में सफलतापूर्वक राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप-2026 का आयोजन किया। यह आयोजन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स आंदोलन के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सेवा-भाव विकसित करने के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है।

पाँच दिवसीय इस मूल्यांकन शिविर में देशभर के केन्द्रीय विद्यालयों के कुल 7,605 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 4,134 स्काउट्स तथा 3,471 गाइड्स शामिल थे। राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें प्रतिभागियों का मूल्यांकन स्काउटिंग एवं गाइडिंग कौशल, नेतृत्व क्षमता, सामुदायिक सेवा, टीम भावना तथा चरित्र निर्माण जैसे विभिन्न पहलुओं के आधार पर किया जाता है। यह शिविर विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिकता जैसे मूल्यों का परिचय देने तथा उन्हें व्यवहार में प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। साथ ही, यह उन्हें प्रतिष्ठित राज्य पुरस्कार प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी करता है।

Special Summer Camp at IISER Kolkata

Students of 70 PM SHRI KVs attended the Camp

Seventy meritorious Science stream students of Classes XI and XII from PM SHRI KVs across the North-Eastern States participated in a week-long Summer Camp at the **Indian Institute of Science Education and Research (IISER), Kolkata, from July 15 to 22, 2026,** gaining first-hand exposure to scientific research, advanced laboratory practices and higher education pathways.

The camp was inaugurated by Hon'ble MoS for Education & DoNER, Dr. Sukanta Majumdar, on 15 July 2026. Organised as part of the KVS's efforts to nurture scientific temper and promote experiential learning, the programme provided students with opportunities to engage with science beyond conventional classroom learning.

During the camp, students attended lectures by IISER faculty, participated in interactive laboratory demonstrations and hands-on experimental sessions, and visited advanced research facilities. They also interacted with faculty members, researchers, PhD scholars and student volunteers, gaining insights into how scientific questions are formulated, investigated and analysed through experimentation and evidence-based reasoning.

The programme exposed students to research across Physics, Chemistry, Biology, Mathematics and Earth Sciences, including interdisciplinary areas. The sessions enabled participants to connect concepts learnt in school with practical applications while developing critical thinking, analytical skills and problem-solving abilities.

Interactions with researchers further familiarised students with higher-education opportunities, scientific careers, and research pathways. Students from different KVs also engaged in peer learning, teamwork and exchange of ideas.

The camp sought to bridge the gap between classroom education and scientific practice by placing young learners in a research-oriented environment. For the participating students, the experience offered an opportunity to envision themselves as future scientists, researchers and innovators.

The initiative aligns with the vision of NEP 2020, which emphasises experiential learning, scientific temper, critical thinking and holistic development. Through such institutional collaborations, KVS continues to provide students with meaningful exposure to real-world learning environments and inspire them to pursue knowledge, research and innovation.



पोषण माह का संकल्प: स्वस्थ हो बचपन, सशक्त हो भारत

देशभर के केन्द्रीय विद्यालयों में 9 सितंबर से 8 अक्टूबर 2026 तक 9वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संतुलित आहार, पोषण, स्वच्छता तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विद्यालयों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के दौरान विद्यार्थियों के लिए पोषण जागरूकता रैलियाँ, पोस्टर एवं चित्रकला प्रतियोगिताएँ, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, भाषण तथा जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व, स्थानीय एवं मौसमी खाद्य पदार्थों के उपयोग तथा भोजन में विभिन्न पोषक तत्वों को शामिल करने के बारे में भी जानकारी दी गई। यही नहीं, विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति के अनुरूप पारंपरिक व्यंजन लाकर एक साथ बैठकर सामूहिक भोजन भी किया।



विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को कुपोषण से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वच्छ भोजन एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व से भी अवगत कराया गया। कई विद्यालयों में विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वस्थ भोजन की आदतों और पोषण संबंधी संदेशों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

11वाँ आयुर्वेद दिवस

आयुर्वेद से स्वस्थ कल की ओर बढ़ते केन्द्रीय विद्यालय

देशभर के केन्द्रीय विद्यालयों में 23 सितंबर 2026 को 11वाँ आयुर्वेद दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। **"स्वस्थ कल के लिए आयुर्वेद" थीम तथा "एक स्वास्थ्य, एक भविष्य: प्रमाण, नवाचार और समग्र देखभाल के माध्यम से आयुर्वेद विज्ञान का एकीकरण"** टैगलाइन पर आधारित इस वर्ष के आयोजन में विद्यार्थियों को आयुर्वेद, स्वास्थ्य और सतत जीवनशैली के महत्व से परिचित कराने के लिए विद्यालयों में विविध जागरूकता एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालयों में विशेष प्रार्थना सभाओं, नाट्य प्रस्तुतियों, वाद-विवाद, निबंध लेखन और पोस्टर निर्माण जैसी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिता और प्रासंगिकता को समझने का अवसर मिला। स्वस्थ जीवनशैली और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यार्थियों ने आयुर्वेदिक एवं औषधीय पौधों के रोपण में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।



Health Check-Up Camp Organised at KVS (HQ)

A Health Check-Up Camp was organised on 17 September 2026 for KVS (HQ) staff with the support of Minimal Access Super Speciality Hospital, offering essential health screenings at the workplace. The camp covered eye and dental check-ups, blood pressure, blood sugar, and basic blood tests. As part of the initiative, doctors also conducted a CPR demonstration, equipping staff with an essential life-saving skill to respond effectively during emergencies. The initiative reflects KVS's focus on promoting health awareness, preventive care, and employee well-being among its staff.



KVS Hosts Workshop to Strengthen National Children's Science Congress

A two-day Orientation and Capacity-Building Workshop for the 32nd National Children's Science Congress (NCSC) 2026–27 was held at KVS ZIET, Gwalior, on 16–17 July 2026, led by Joint Commissioner (Acad), Sh. Somit Shrivastav. The workshop brought together officials from KVS HQ, 25 KVS ROs, and ZIET Gwalior to strengthen planning, coordination, and implementation strategy for the NCSC. The sessions focused on effective execution, capacity building, and ensuring wider student participation in scientific research and inquiry.



The workshop also aimed to foster scientific temper and encourage students to explore innovative solutions to real-world challenges.

Capacity Building Programme Held at IIT Guwahati



The 5th Capacity Building Programme for GPIA (General Pool of Internal Auditors) was organised from 15–17 September 2026 at IIT Guwahati for officials from five KVS Regions. The three-day programme focused on strengthening the professional knowledge and skills of internal auditors and enhancing the effectiveness of internal audit practices across KVS. Through focused capacity-building sessions, the programme aimed to promote greater efficiency, consistency, and professionalism in the internal audit process. The initiative reflects KVS's continued emphasis on strengthening institutional systems and building professional capacity among its officials.

A Handbook on 'Reading Across Curriculum'

The Handbook on Integration of Reading and Writing Strategies Across Subjects, developed by KVS Training Division in collaboration with Azim Premji University, aims to strengthen classroom practices in alignment with NEP 2020. It supports teachers in integrating reading and writing meaningfully into the teaching of all subjects through practical strategies such as questioning, annotation, summarising, graphic organisers, reflective writing and collaborative discussions. By promoting disciplinary literacy, the handbook helps students deepen conceptual understanding, think critically and communicate their learning effectively, while making literacy an integral part of everyday classroom learning.

Comprehensive Orientation Modules on Cultural Assimilation for Teachers

The Cultural Assimilation and Orientation Modules, developed by the Zonal Institutes of Education and Training (ZIETs) under the initiative "Saath-



Saath: A Journey of Togetherness," aim to support teachers transferred or newly appointed across different regions of the country. Covering major regional languages, cultures and local contexts, the modules provide practical resources such as basic conversational phrases, an introduction to local customs and contextual information to help teachers interact confidently with students, parents, colleagues and the community. The initiative, aligned with NEP 2020 and the spirit of Ek Bharat Shreshtha Bharat, seeks to facilitate smoother cultural and linguistic integration at the new place of posting.

Swachhata Pakhwada

Celebrated Across KVs

Kendriya Vidyalayas across the country observed Swachhata Pakhwada from 1–15 September 2026, reinforcing the message that cleanliness is not merely a campaign but a shared responsibility and an everyday habit. Students and staff participated in a range of awareness, creative, and community-oriented activities focused on cleanliness, hygiene, and responsible waste management.



The fortnight began with the Swachhata Shapath, encouraging students to make cleanliness a part of their daily lives. Under the Green School Drive, students created slogans, posters and pamphlets to spread awareness about clean and sustainable surroundings. KVs also organised Swachhata Awareness Days, Community Outreach Days and Hand Wash Day, taking the message of hygiene beyond the classroom and into the community.

Students expressed their ideas on Swachhata through essay, slogan and poem writing, painting, quiz, debate, and model-making competitions. Activities on personal hygiene reinforced the connection between clean surroundings and healthy living.

The campaign also complemented the Mission LiFE approach, particularly the theme of "Reduce E-Waste", by encouraging responsible practices such as repairing and reusing electronic gadgets and ensuring their safe channelisation for disposal. Through these collective efforts, KVs strengthened a culture of cleanliness, sustainability and civic responsibility among students.

खेलेगा भारत, जीतेगा भारत

के.वि.सं. में मनाया गया खेल और फिटनेस का उत्सव

देशभर के केन्द्रीय विद्यालयों में 28 से 30 अगस्त 2026 तक **"खेलेगा भारत, जीतेगा भारत"** थीम के तहत तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह दिवस महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। भारतीय हॉकी में उनके उल्लेखनीय योगदान आज भी खिलाड़ियों को प्रेरित करते हैं। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की सहभागिता से विभिन्न खेल एवं फिटनेस गतिविधियाँ आयोजित की गईं। 29 अगस्त को **'एक घंटा खेल के मैदान में'** गतिविधि के तहत विद्यार्थियों ने मैदान में एक घंटा खेलकर सभी को खेलों के लिए समय निकालने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही **'डे ऑन साइकिल' और 'रन एंड राइड'** जैसी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को फिटनेस को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



55th KVS National Sports Meet Begins Across 10 Regions



15th July 2026: The 55th KVS National Sports Meet 2026 commenced on 15 July 2026, bringing together young sporting talent from across the country. The meet is being hosted across 10 KVS regions: Agra, Bengaluru, Chandigarh, Chennai, Dehradun, Delhi, Ernakulam, Hyderabad, Lucknow, and Mumbai.

The 55th KVS National Sports Meet (Girls) 2026, hosted by KVS RO Chandigarh, was inaugurated by Ms. Chandana Mandal, Additional Commissioner (Acad.), at LPU in Punjab, on 15 July. The event witnessed the participation of 1,565 girls from 25 KVS Regions across five sports disciplines: Kabaddi, Kho-Kho, Badminton, Shooting, and Boxing, in three age categories: U-14, U-17, and U-19.



KVian breaks National Record at Asian Aquatic Championships

Dhinidhi Desinghu,
a student of KV DRDO, Bengaluru, won four medals at the 12th Asian Age Group Aquatic Championships 2026, held in Bangkok, Thailand.

Gold
Women's 200m Freestyle, setting a new National Record of 2:01.81 (previous: 2:02.84)

Silver
Women's 100m Freestyle

Bronze
Women's 400m Freestyle, setting a new National Record of 4:20.81 (previous: 4:21.86)

Bronze
Women's 4×100m Medley Relay

KV Alumnus Clinches Silver at CWG 2026

Valluri Ajaya Babu, an alumnus (Batch 2023) of PM SHRI KV No. 3 EME Centre, Bairagarh, clinched the Silver Medal in the men's 79kg weightlifting event at the Glasgow Commonwealth Games 2026. His remarkable achievement has brought immense pride to his alma mater and the entire KVS community.



Achievements

आरएसआई-इंडिया 2026 में सुलिप्सा ने बिखेरी चमक



पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पीतमपुरा की छात्रा सुलिप्सा भट्ट ने प्रतिष्ठित रिसर्च साइंस इनिशिएटिव इंडिया 2026, जो भारत के सबसे चयनात्मक एसटीईएम कार्यक्रमों में से एक है, सफलतापूर्वक पूर्ण किया। देशभर से चयनित केवल 29 विद्यार्थियों में शामिल सुलिप्सा ने आईआईएससी, बेंगलुरु में छह सप्ताह के शोध कार्यक्रम में भाग लिया, जहाँ उन्होंने सांप के विष के प्रमुख विषाक्त तत्वों को अवरुद्ध करने के लिए एक हर्बल पौधे के अर्क पर आधारित अनुसंधान में योगदान दिया।

नन्हीं उम्र, बड़ा कमाल: गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दिखाया दमखम

केन्द्रीय विद्यालय कडुथुरुथी की कक्षा 4 की छात्रा अंबल विजया किशोर ने 16 अगस्त 2026 को चेन्नई, तमिलनाडु में आयोजित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना दमखम दिखाया। अंबल ने सैकड़ों मार्शल आर्ट्स प्रतिभागियों के साथ एक साथ कराटे चॉप करने की समन्वित गतिविधि में हिस्सा लिया। यह गतिविधि 'एक साथ कराटे चॉप करने वाले सर्वाधिक लोगों' का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के उद्देश्य से की गई थी। चेन्नई के कोयम्बेडु स्थित सेंट थॉमस कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस में आयोजित इस कार्यक्रम में अंबल ने कम उम्र में ही अपने मार्शल आर्ट्स कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय दिया।



Historic Gold for KVian at Asian Aerobic Gymnastics Championship



Ariha Pangambam, alumna of KV No. 1 Imphal (Batch 2023), has scripted history by becoming the first Indian ever to win a Gold Medal in the Senior Women's Individual Aerobic Gymnastics event at the Asian Aerobic Gymnastics Championship. Held in Tagaytay City, Philippines, from 4–7 August 2026, the championship witnessed Ariha deliver a stellar performance, securing an impressive 19.100 points to claim the coveted gold.

KVian won at ITF National Triathlon Championship

Asmi Kataria, a student of PM SHRI KV No.1 Neemuch, won a bronze medal (Sub-Junior Female Category) at the ITF National Triathlon Championship 2026 in Pune. Her impressive performance showcased her determination, endurance, and sporting excellence, bringing pride to her school. Triathlon is a multi-sport endurance event that combines three disciplines: swimming, cycling, and running. Athletes compete in all three segments consecutively, testing their speed, stamina, and overall endurance.



तत् त्वं पूषन् अपावृणु

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

©Kendriya Vidyalaya Sangathan

Shala Dhwani Newsletter
Issue: July-September 2026

Patron: Vikas Gupta,*IAS*, Commissioner, KVS
Chief Editor: Chandana Mandal, Additional Commissioner (Acad)
Editor: Somit Shrivastav, Joint Commissioner (Acad.)
Editorial Incharge: Sachin Rathore, Assistant Editor

Editorial Consultants:
Surbhi Goel, Content Writer
Aman, Content Writer
Sanjana Jangra, Graphic Designer

Published by Additional Commissioner (Acad) on behalf of Kendriya Vidyalaya Sangathan.

Readers can send their comments and suggestion through e-mail at: shaaladhwani@gmail.com

For Internal Circulation only. (Not for Sale)